दिनांक 7 मार्च 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने निगम ने किया अभूतपूर्व प्रयास

-2900 स्व सहायता समूह को मिली आवर्ती निधि की मदद

- स्वरोजगार की दिशा में महिलाएं बढ़ा रही है कदम

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने अभूतपूर्व प्रयास कर रही है! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत 3200 महिला स्व सहायता समूह गठित है! इन सभी महिलाओं को निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में रोजगार दिलाने का प्रयास भिलाई निगम द्वारा किया जा रहा है! सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निगम हर स्तर पर कार्यरत है! लगातार स्व सहायता समूह की बैठक उनके क्षेत्र में आयोजित की जा रही है , प्रशिक्षण के माध्यम से बाजार में प्रचलित सामग्रियों के निर्माण एवं आय वृद्धि के साधन के विषय में जानकारी दी जा रही है! 2900 महिला स्व सहायता समूह को प्रदान किया जा चुका है 10000 रुपए आवर्ती निधि निगम भिलाई क्षेत्र में पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह के 2900 एसएसजी को 10,000 रुपए आवर्ती निधि दिया जा चुका है! यानी दो करोड़ 90 लाख रुपए महिलाओं को आवर्ती निधि के रूप में दिया गया है! ताकि महिलाएं इन पैसों से अपने रोजगार के साधन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर बन सकें!

महिलाओं को बैंक लिंकेज कराने का पूरा प्रयास स्व सहायता समूह की महिलाओं को बैंक के माध्यम से सहायता स्वरूप ऋण प्रदान किया जाता है, इसके लिए बैंक लिंकेज कराना आवश्यक है, भिलाई निगम ने इसके लिए बैंक के कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं की बैठक करवाकर दोनों के मध्य समन्वय बनाकर हर स्व सहायता समूह को बैंक से जोड़ने का पूरा प्रयास किया है!

बर्तन बैंक की स्थापना निगम भिलाई में पहली बार बर्तन बैंक की स्थापना महिलाओं द्वारा किया गया! किराया भंडार से सस्ते दर पर महिलाओं द्वारा बर्तनों को किराया में देकर आय अर्जित किया जा रहा है! महिलाओं ने इसमें काफी मुनाफा कमाया है! खुर्सीपार , सेक्टर 4, जवाहर नगर एवं शांति पारा सहित अन्य स्थानों में बर्तन बैंक की स्थापना की गई है! महिलाएं इसे स्वयं संचालित करती है!

जनसंपर्क अधिकारी